'अप्प दीपो भव'

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2013-15
WPP Licence No.- U(C)-101/2013-15
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 15.03.2015
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन - जस्टिस पब्लिकेशंस, टी-22, अतुल ग्रोव रोड, क्लॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फोन : 23354841-42
Website : www.uditraj.com E-mail: dr.uditraj@gmail.com

● वर्ष : 18 ● अंक 8 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● 1 से 15 मार्च, 2015

प्रधानमंत्री का सूट

डॉ. उदित राज

प्रधानमंत्री ने एक अच्छा सूट क्या पहन लिया लोगों को विवाद करने का मौका मिल गया। यहां तक कि राहुल गांधी भी इस विवाद में कूद पडे जो कि बिल्कुल अपेक्षित नहीं था। प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व, उठने-बैठने, बात-चीत और व्यवहार से जितना समाज प्रभावित होता है, उतना शायद किसी और से नहीं। हमारे समाज में जो लोग सार्वजनिक जीवन में हैं, सुविधा होते हुए भी साधारण रहन-सहन व लिबास में रहें तो लोग उसे अच्छा मानते हैं। न चाहते हुए भी सार्वजनिक जीवन में रहने वाले व्यक्ति को कुछ न कुछ ड्रामा करने के लिए मजबूर किया जाता है। कुछ लोग ड्रामा करने में माहिर भी हैं। हजारों साल से दलित समाज संसाधनों से वंचित रहा है और उसके उत्थान के संघर्ष करने वाले सामाजिक योद्धा डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सूट, पैंट और टाई पहनते थे। ऐसा इसलिए कि उपेक्षित समाज की मानसिकता में परिवर्तन हो और हुआ भी। इससे प्रभावित होकर दलितों में शिक्षा और सम्मान की भूख जगी।

बहुत ही दुख और हैरानी हुई जब प्रधानमंत्री के सूट की कीमत के बारे में लोगों ने आपत्ति दर्ज की। सवा सौ करोड़ की आबादी और दुनिया की तीसरी-चौथी अर्थव्यवस्था के प्रधानमंत्री के सूट की कीमत की चर्चा हो इससे ज्यादा नकारात्मक सोच किसी और समाज में नहीं हो सकती। मैं हमेशा सोचता रहा कि यदि गांधीजी अर्धनग्न का लिबास न धारण करते तो शायद देश कुछ और प्रगति कर चुका होता। नेता के समर्थक उसको अपना आदर्श मानते हैं और इसलिए जो वह खाता-पीता व पहनता है, उसका अनुकरण होता है। यही वजह रही कि हमारे यहां सामाजिक व राजनैतिक कार्यकर्ताओं की एक धारणा बनी कि वे ज्यादा से ज्यादा साधारण लिबास में दिखते रहे। चाहे जितना बडा संसाधन वाला हो, यदि वह सामाजिक व राजनीतिक जीवन में रहा तो खादी ही पहना। जबकि वही व्यक्ति निजी जीवन में महंगा से महंगा लिबास पहनने में कोई परहेज नहीं करता। हमारा ही एक ऐसा समाज है, जहां पर भीख मांगना सम्मान का कृत्य समझा गया। भीख मांगना कैसे सम्मानित पेशा हो सकता है और यही कारण रहा कि मानसिकता नहीं बन पायी कि हम कसकर मेहनत करें, उत्पादन बढाएं और सुविधाएं बढें। जिन समाजों की ऐसी सोच नहीं रही, उन्होंने अपनी बेहतर जिंदगी के लिए उत्पादन बढाया, तकनीक का विकास किया और ज्यादा से ज्यादा बेहतर जीवन जीने के लिए सुविधाओं का निर्माण किया। कार, ए.सी., टेलीफोन, आदि सैकडों ऐसी सुविधाएं हैं, जो बाहर से हमने लिया है। प्रधानमंत्री द्वारा कोट पहनकर इस उदाहरण से देश और दुनिया को जो संदेश देने की कोशिश की, जाने-अनजाने में जिन्होंने विवाद ख?ा किया, उन्होंने समाज की बहुत क्षति की।

विदेशियों की नजर में भारतीय सपेरे एवं मदारी हुआ करते थे। धीरे-धीरे यह छवि खत्म हुई और अब समय आ गया है कि इस तरह का संदेश दिया जाए कि हम किसी से कम नही हैं। कुछ अपवादों को छोडकर ज्यादातर सर्वहारा का नेतृत्व भी अच्छा से अच्छा लिबास में रहा है। साम्यवादी क्रांति ने दुनिया को बदलकर रख दिया और जो सुविधाएं मालिकों अर्थात् उत्पादन के स्रोतों पर काबिज करने वाले के लिए थीं, वही आम जनता के लिए भी हो। इसका उन देशों के गरीबों की मानसिकता पर बडा प्रभाव पडा और उनके जीवन में भी परिवर्तन आया। कार्लमार्क्स, एंगेल्स और लेनिन आदि के लिबासों को देखकर इसे आसानी से समझा जा सकता है। चीनी क्रांति के अग्रदूत माओत्से तुंग ने भी यही उदाहरण देश के सामने पेश किया। क्यूबा, में क्रांति करने वाले फीडल कास्ट्रो ने भी ऐसा उदाहरण पेश किया। अमरीका की बुनियाद डालने वाले महान नेता जैसे - जार्ज वाशिंगटन और अब्राहम लिंकन आदि भी बेहतरीन सूटेड-बूटेड रहे हैं। एक कुतर्क किया जा सकता है कि यदि जनता गरीब है तो नेता कैसे उससे अलग दिखे। इस कुतर्क का जवाब यह है कि नेता आदर्श होता है और उसका अनुकरण जनता करती है। यदि नेतृत्व अच्छे लिबास में दिखता है तो उसके मानने वाले भी उस दिशा में प्रयास करेंगें, जब प्रयास करेंगें तो मानसिकता में बदलाव आएगा और मानसिकता का भी सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में बडा योगदान होता है। बराक ओबामा से बेहतर लिबास अगर प्रधानमंत्री का रहा तो यह हमारे लिए गर्व करने की बात है।

आजादी के बाद जो समाजवादी और साम्यवादी नेता रहे हैं, वे ज्यादा से ज्यादा साधारण लिबास में थे। एक साधारण कुर्ता-धोती या पायजामा में दिखना और झोला लटकाना एक पहचान बन गयी थी। यह ज्यादा मायने नहीं रखता कि ये किस लिबास में हैं, बल्कि इनका आशय शिष्यों और जनता के ऊपर वैसा ही पडा, जैसा ये खुद रहे। इस सादगी की संस्कृति को फटीचरी की संज्ञा दी जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। इन्होंने संसाधनों के वितरण की लडाई लडी, लेकिन जिनके लिए किया, उनकी मानसिकता नहीं बदली कि वे ज्यादा मेहनत करें, बेहतर रहें और जो भी सुविधाएं संभव हैं, उसको अर्जित करें। यह भी एक कारण है कि काम करने वाले अधिकार तो मांगते रहे लेकिन अपनी बेहतरी के लिए उत्पादन आदि बढाने की दिशा में शायद ही कोई रूचि रही हो। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि इनका शोषण मालिक नहीं करते थे, लेकिन काम करने वाले में वह प्रवृत्ति नहीं पैदा हुई जो दुनिया के और समाजों में है। जापान के मजदूर हडताल या विरोध करने के नाम पर उत्पादन बढा देते हैं, क्या हमारे यहां कभी ऐसा हुआ है ?

मीडिया के डर एवं नकारात्मक सोच रखने वालें की वजह से अब हालात इतने खराब हो गये हैं कि सार्वजनिक जीवन में जो लोग हैं, शादी-विवाह, जन्मदिन या छुट्टी मनाना आदि छुप-छुपाकर करने लगे हैं। अतः दोहरा चरित्र जीने के लिए मजबूर कर दिया जा रहा है। अब तो कुछ लोग ऐसा भी करने लगे हैं कि लोगों की आलोचना के डर से चुपचाप कार्यक्रमों को विदेशों में कर रहे हैं। बहुत से लोग जो सार्वजनिक जीवन में हैं, जैसे - विधायक, सांसद, मंत्री, नेता उनके स्टाफ और राजनैतिक गतिविधियों में कितने संसाधन का व्यय होता है, अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। अगर वही व्यक्ति फटीचर दिखे तो लोग बडा अच्छा मानते हैं, जबकि अच्छे लिबास और रहन-सहन में अन्य खर्चों की तुलना में 2 प्रतिशत भी खर्च न होता हो। जब लालू प्रसाद यादव बिहार के मुख्यमंत्री थे तो उनके यहां शादी का कार्यक्रम था और उसमें कतरनी चावल परोसा गया था, उसकी चर्चा दूर-दूर तक हुई। इससे यही लगता है कि बाहरी ताम-झाम में फटीचर दिखो और अन्दर कुछ भी कर लो, लोग खुश होते हैं। प्रधानमंत्री ने सूट या अच्छे कपडे पहने उसकी जितनी ही प्रसंशा की जाए कम है, क्योंकि वे आदर्श हैं और आम जनता इससे प्रभावित होकर बेहतर करना चाहेगी। एक प्रधानमंत्री के लिए महंगे सूट का प्रश्न खडा करने वाला, क्या संदेश देना चाहता है कि देश की जनता फटीचरी की तरफ बढे ?

*****

अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का
अखिल भारतीय परिसंघ
एक दिवसीय सम्मेलन

22 मार्च, 2015 (रविवार) को प्रातः 10 बजे
एन.डी.एम.सी. कन्वेंशन सेंटर, संसद मार्ग,
जंतर-मंतर के सामने, नई दिल्ली

अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के तत्वावधान में आगामी 22 मार्च, 2015 (रविवार) को प्रातः 10 बजे से एन.डी.एम.सी. कन्वेंशन सेंटर, संसद मार्ग, जंतर-मंतर के सामने, नई दिल्ली पर एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन को राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. उदित राज जी के अलावा परिसंघ के अन्य प्रमुख नेता सम्बोधित करेगें। परिसंघ के सभी स्तर के पदाधिकारियों व संबद्धित संस्थाओं के पदाधिकारियों से आग्रह है कि वे प्रमुख लोगों के साथ उपरोक्त दिन, दिनांक व स्थान पर पहुंचकर सम्मेलन में शिरकत करें।

शामिल होने की अग्रिम सूचना व्हाट्सअप 9999504477 पर दें तो अच्छा रहेगा, जो लोग स्मार्टफोन और व्हाट्सअप का प्रयोग नहीं कर रहे हैं वे 09015552266 पर शामिल होने वाले लोगों के नाम, मोबाइल, ई-मेल व पता एस. एम.एस. कर सकते हैं।

अनुसूचित जाति/जनजाति परिसंघ, सम्पर्क : 01123354841-42

नसोसवायएफ ने भोपाल किया धरना प्रदर्शन

धरने में आरक्षित जन समूल का अभिवादन करते हुए डी. हॅ विर्धन दवणेव अन्य नेतागण

नेशनल एस.सी, एस.टी. ओबीसी स्टुडेन्ट एण्ड यूथ फ्रंन्ट (नसोसवायएफ) ने मध्यप्रदेश के छात्राओं को छात्रवास, छात्रवृत्ती और विविध महाविद्यालय में छात्रों की आर्थिक लूट की समस्याओं को लेकर 21 फरवरी 2015 को सुबह 11 बजे नीलम पार्क, जहांगीराबाद, भोपाल में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस धरना प्रदर्शन में विविध जिलों के हजारो छात्र और छात्र नेता उपस्थित थे । मध्यप्रदेश के पुलिस प्रशासन के बीच काफी समय तक पुलिस और छात्रों के साथ अनबन चालू थी।

देश में मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा छुआ-छूत पाई जाती है। इस का असर दलित-आदिवासी छात्रों पर भी दिखाई दे रहा है। शहरों में दलित छात्रों को सवर्ण जाति के लोग किराये पर रुम देने से मना करते है। इससे दलित छात्रों की निवास की समस्यायें बढ़ती जा रही है। राज्य सरकार के द्वारा जो छात्रावास हैं। उन छात्रावासों की स्थिति बहुत खराब है। इस के साथ ही छात्रों की संख्या मे पर्याप्त छात्रावास उलब्ध नही है शिक्षा साल खत्म होने जा रहा है लेकिन अभी तक दलित छात्रों को मिलने वाली छात्रवृती अभी तक मिल नही है।

बहुत से महाविद्यालयों में शक्ती से शिक्षा फीस, परीक्षा फीस मनमानित तौर पर छात्रों से वसूल की जा रही है। और यही महाविद्यालय फिर से छात्रवृत्ती के माध्यम से भी फीस लेते है। यह महाविद्यालय दूसरी तरह फीस की वसूल कर रहा है। दलित-आदिवासी एकमात्र विकास माध्यम शिक्षा है। प्रदेश में दलित-आदिवासी छात्र सरकारी स्कूलों में पढ़ते है मगर वहा भी आठवीं कक्षा तक पास करने का जो आदेश निकाला उसे सरकारी स्कूलों में छात्रों को ठीक से पढ़ाया नही जा राहा है और छात्र ठीक से पढ़ाई करता भी नही इससे इन छात्र के भविष्य की समस्या निर्माण हो चूकी है।

इस धरना प्रदर्शन के मुख्य माँगे :-

1. महाराष्ट्र में जो सामाजिक न्याय भवन के द्वारा छात्रावास बनाएं गये, उसी प्रकार मध्यप्रदेश सरकार हर जिले में एक- एक हजार छात्र-छात्राओं को छात्रावास बनाये ।
2. जो छात्रावास वर्तमान में स्थित है उनमे सुधार कर, सुरक्षाकर्मी एवं सफाई कर्मी नियुक्त किय जाये।
3. आठवीं पास का जो सरकार ने अध्यादेश बनाया वह रद्द किया जाये।
4. 2014 मे राज्य सरकार द्वारा छात्रावास के बारे में निकाले गये अध्यादेश को रद्द किया जाये, और सभी छात्रों को छात्रावास में वापिस प्रवेश दिया जाये, एवं आवासीय योजना के तहत लाभ कक्षा 10 वीं से अन्य पाठ्यकर्मो तक दिया जाये ।
5. S.C., ST तथा OBC छात्रों के लिये Help Line नंबर सेवा प्रारंभ की जाये जिससे छात्र अपनी समस्याओं से अवगत कर सके।

ये मुख्यमाँगे लेकर हम नीलम पार्क, जाहिगींराबाद भोपाल में 21 फरवरी 2015 को धरना प्रदर्शन कर रहे है । हम अपील करते है छात्रो से कि बड़ी संख्या मे इस धरना प्रदर्शन मे शामिल होकर अपने अधिकार के लिए संघर्ष करे । इस ये मुख्यमाँगे भोपल के एच.डी.बी. की तरफ से मुख्यमंत्री को दिया है। अगर महीने के भीतर अगर पूरी नही होती है तो हर एक जिलों मे इस का अक्रोश दिखाई देगा

इस धरना प्रदर्शन का नेतृत्व नसोसवायएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी. हर्षवर्धन, राष्ट्रीय समन्वयक प्रताप सिंह अहिरवार, प्रदेशाध्यक्ष सुशिल बरखने, इस धरना को सफल बनाने के लिऐ भोपाल जिला अध्यक्ष बंटी अहिरवार, होसंगाबाद संभाग से मनीष जी, चेतन मण्डलोई, संतोष अहिरवार, प्रकाश अहिरवार, महाराष्ट्र से गणेश येरेकर, बालाजी कोंडामंगल, रवि सुर्यवंशी, राहुल सोनाळे, संघरत्न निवंडगे और अन्य छात्र उपस्थित थे।

***

डॉ. उदित राज द्वारा संसद के चौथे सत्र में उठाए गऐ मुद्दे

During Zero Hours on 24 th February, 2015

दिनांक 24/02/2015

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्री का ध्यान एक बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर दिलाना चाहता हूं। मै यहां उन लोगों की बात उठाने जा रहा हूं जो आज भी शिक्षा से वंचित हैं। अगर रिजर्वेशन न होता तो आज भी इनकी हालत नारकीय होती। पोलिटिक्स ओर गवर्नमेंट जॉब्स में रिजर्वेशन होने की वजह से इनकी स्थिती थोडी बेहतर हुई है। जामिया मिलिया यूनीवर्सिटी एक नैशनल युनीवर्सिटी है, लेकिन उसने वर्ष 2011 के एडमिशन में रिजर्वेशन लागू करने के लिए डिनाई किया। वर्ष 2014 में टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ में रिजर्वेशन लागू करने के लिए डिनाई किया। क्या जामिया युनीवर्सिटी को कन्सॉलिडेटेड फंड ऑफ इंडिया से ग्रांट नही मिलती है ? क्या टैक्स पेयर्स की मनी उन्हें नही जाती है ? उन्होंने माईनोरिटी को रिजर्वेशन दिया, यह ठीक बात है। एससी और एसटी के रिजर्वेशन को समाप्त किया गया है ?

अध्यक्ष महोदया, मै आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि सरकार इस पर विचार करे। पूरे देश में लेडीज यूनिवर्सिटी बहुत कम है। जामिया यूनीवर्सिटी अच्छी यूनीवर्सिट है। वहां पहले उन लोगों को रिजर्वेशन मिलता रहा है लेकिन अब क्या वजह है कि रिजर्वेशन डिसकन्टीन्यू हुआ है ? मुझे यही पैटर्न अलीगढ मुस्लिम यूनीवर्सिटी में भी देखने को मिला है। मैं अनुरोध करूँगा कि इसे बहुत गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद!

Under Rule 377 on 24 th February, 2015

DR. UDIT RAJ (NORTH WEST DELHI): In the Union budget, a substantial amount of money is allocated under the head of Scheduled Caste Sub Plan and Tribal Sub Plan. There is no effective mechanism to monitor the proper utilization of this money in different schemes. It is a well Known fact that State governments have been diverting and unutilizing the fund. There is departure from the past of disbursement of this fund this year as compared to previous years under the head post metric scholarship scheme, special central assistance to scheduled cast sub plan. girls hostel and boys hostel etc. It is not clear whether the government is going to transfer the moneu to the State/UT or will continue the same method. Furthermore, some of the State Governments are allegedly indulging in anti SC/ST activities. I, therefore, urge upon the Government to ensure proper utilization of funds under the said head.

During Zero Hours on 25 th February, 2015

DR. UDIT RAJ (NORTH WEST DELHI): Hon. Speaker, thank you very much for giving me this opportunity to raise the problems of rural peopal of my constituency that is situated in Narela. In Narela, the Delhi Development Authority acquired land in 1996 to build sub-city over there. So far not much has been done. Not noly that, integrated fright corridor was to be set up which could have been done very easily. It is connected with road and rail. The only thong is that the warehouses have to built over there. They are there. But the DDA and the Govremment have not taken pain to regularise them. Apart from DDA, in the 2010 Zonal Plan, plans have been made for a number of recreational and educational institutions. But so far land has not been allotted About 1,000 hectares of land were allotted for recreational activities and 500 hectares of land were allotted for recreational activities. But till today, the Ministry of Urban. Development and the DDA has doneany anything. Thousands of flats are lying vacant. They have not been allotted. People are homeless.

If metro is extended to that area, then those houses can be allotted and people will willingly go and occupy those houses. Thank you so much for giving me this opportunity.

During Zero Hours on 27 th February, 2015

DR. UDIT RAJ (NORTH WEST DELHI): Madam, I thank you for giving me an opportunity to express my observation about the Public Sector Undertaking. public sector undertaking have been called milching cows for the officers in collusion with Politicians also. I would draw your attention to the LIC which comes under the ministry of Finance. LIC is being milked like anything. I am going to highlight four issues. एल.आई.सी. में जो यू.के. की फॉरेन ब्रांच है, वह वॉयबल नही है और यह बडे ऑफिसर्स के टूर का डेस्टिनेशन बन गया है। When that branch is not viable and profit is not coming from them, then it should be wound up.

During Zero Hours on 10 th March, 2015

डॉ. उदित राज (उत्तर-पश्चिम दिल्ली) : अध्यक्ष महोदया, एंटरप्राइजेज में एससी और एसटी का जो पार्टिसिपेशन है, वह बहुत ही कम है। वह पहले 11-12 पर्सेंट हुआ करता था, अब घट कर 9 पर्सेंट के आस-पास हो गया है और दिनों-दिन घटता चला ला रहा है, जबकि रजिस्ट्रर्ड एंटरप्राइजेज केवल 7 पर्सेंट के आस-पास ही हैं। हम आपके माध्यम से एम.एस.एम.ई मिनिस्टर से अनुरोध करेंगे कि इसके लिए कुछ किया जाना चाहिए और ज्यादातर ये लोग एपेरल में, लैदर में काम करते है, अनक्लीन और अनहाईजीनिक पेशे मे भी अभी लगे हुए है। इनका रजिस्ट्रेशन भी नही होता है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इनका पर्सेंटेज बढाया जाना चाहिए।***

नसोसवायएफ ने किया राज्यस्थान मे धरना प्रदर्शन

नेशनल एस.सी, एस.टी. ओबीसी स्टुडेन्ट एण्ड यूथ फंन्ट (नसोसवायएफ) ने राज्यस्थान के जिला पाली के छात्रों ने हॉस्टल की मांग को लेकर कलक्ट्रेर कार्यालय पर जामकर प्रदर्शन एवं नारेबाजी कर जिला कलक्टेर के नाम एसडीएम विशाल दवे को ज्ञापन सौपा।

संगठन के जिला संयोजक अशोक सिरण ने बतया कि बांगड महाविद्यालय के छात्रावास भवन में वर्तमान

में विधि महाविद्यालय संचलित हो रहा है तथा विधि महाविद्यालय का नया भवन भी तैयार है।

पूर्व मे भी छात्रावास की मांग को लेकर प्राचार्या डॉ. सुशीला राठी को कई बार ज्ञापन दिए, परंतू महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रो की एक भी नहीं सुनी, जिससे मजबूरन कॉलेज छात्रों को पढाई छोडकर कलेक्टर कार्यालय के चक्कर काटने पर विवश होना पडा।

इस पर एसडीएम ने छात्रों की मांग का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया, जब जाकर छात्र शांत हुए।

1. महाराष्ट्र में जिस तरह सामाजिक न्याय भवन के द्वारा छात्रावास बनाएं गये, उसी प्रकार राज्यस्थान सरकार हर जिलें में एक- एक हजार छात्र-छात्राओं को छात्रावास बनाये ।

2. जो छात्रावास वर्तमान में स्थित है उनमे सुधार कर, सुरक्षाकर्मी एवं सफाई कर्मी नियुक्त

3. S.C., ST तथा OBC छात्रों के लिये Help Line नंबर सेवा प्रारंभ की जाये जिससे छात्र अपनी समस्याओं से अवगत कर सके।

4. आठवीं पास का जो सरकार ने अध्यादेश बनाया है वह रद्द किया जाये।

सुरक्षा की चिंता में महिलाओं से छिन रहा रोजगार

नई दिल्ली, 5 मार्च

आर्थिक नरमी के साथ सुरक्षा संबंधी चिंताओं की वजह से पिछले दो साल में उद्योग में महिला कर्मचारी की संख्या कम हुई है। पिछले दो साल में उन क्षेत्रों में महिला कर्मचारियों की संख्या 26.5 फीसदी घटी है जहां उन्हें रात्रि पालि में काम करना होता है या देर तक रुकना पड़ता है या उनका दफ्तर शहर के बाहरी हिस्से में उद्योग मंडल का अध्यन में बात सामने आई है। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च पर जारी इस रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले दो साल में अर्थव्यवस्था में नरमी के साथ महिलाओं को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंताओं की वजह से पिछले दो साल में महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर भी कम हुए है। एसोचैम ने इस स्थिति में बदलाव के लिए सरकार और नियोक्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया है। यह अध्यन 20से 50 आयु वर्ग की करीब 1,600 महिलाओं से बातचीत के आधार पर तैयार किया गया है। अध्यन को गुरुवार को यहां आम आदमी पार्टी आप के नेता अलका लांबा, स्पाइस ग्रुप की कारपोरेट मामलों की समूह अध्यक्ष प्रीति मल्होत्रा, एस इंस्टीट्यूट की वरिष्ठ अध्यक्ष व वैश्विक संयोजक प्रीति मेहरा ने जारी किया है। अलका लांबा ने कहा कि दिल्ली को रेप कैपिटल नहीं बल्कि महिलाओं के लिए अनुकूल राजधानी बनाने की जरूरत है। महिलाओं में असुरक्षा की भावना को दूर किए जाने की आवश्कता है। प्रीति महल्होत्रा ने कहा कि कार्यस्थलों पर महिलाओं के लिए सुरक्षित और बेहतर माहौल बनाने की जरूरत है। उनमें कार्यस्थल पर जरूरी विश्वास पैदा किया जाना चहिए।

> जब तक सामाजिक परिवर्तन नही होता तब तक पुरूष की मानसिकता में बदलाव नहीं हो सकता। क्या केवल कानून से महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान संभव है ? कड़े कानूनों का कुछ स्थानों पर दुरूपयोग होता है, उससे लोग भय मानकर महिलाओं से बचते हैं। यह भी एक कारण है कि महिलाओं का रोजगार छिन रहा है।

एसोचैम महासचिव डीएस रावत ने कहा कि महिलाएं घर और बाहर दोनों ही जगहों पर बेहतरीन मानव संसाधन है। उन्हें सुकूल और सुरक्षा दिए बिना देश के जनसांख्यिकीय लांभांश का फायदा नहीं उठाया जा सकता है। एसोचैम की महिला शाखा की तैयार रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दो साल में उन उद्योगों और सेवाओं में महिला कर्मियों की संख्या 26.7 फीसदी घटी है जहां उन्हें रात्रि पाली में काम करना होता है या जिनका कार्यस्थल घर से दूर शहर के बाहरी क्षेत्रों में है। अध्यन में शामिल 48 फीसदी महिलाओं का कहना है कि निर्भया कांड के बाद पिछले दो साल के दौरान उनकी चिंता कम होने के बजाय बढ़ी है। सुरक्षा को लेकर दिल्ली-एनसीआर की महिलाओं ने सबसे ज्यादा चिंता जताई। इसके बाद बंगलूरू, मुंबई, अहमदाबाद, उत्तर प्रदेश का स्थान रहा।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के 2012 के आकड़ो के अनुसार महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में 14.2 फीसदी के साथ दिल्ली सबसे ज्यादा रहा। बंगलुरु में 6.2 फीसदी और कोलकाता में 5.7 फीसदी अपराध के दर्ज मामले जहां 2001 में 1,43,795 थे, वहीं 2014 में ऐसे मामलों की संख्या 2,80,465 तक पहुच गई। केवल आपरेटर असोसियन की अध्यक्ष रूप शर्मा ने कहा- सरकारी क्षेत्र के मुकाबले निजी क्षेत्र में महिला सुरक्षा को लेकर चिंता अधिक है।

सच्चे अंम्बेडकरवादी ही देश भक्त है

इन दिनो देश में देशभक्ति का माहौल है। सामाजिक एंव राजनैतिक संगठन खुद को देशभक्त साबित करने में लगे है । हमने 2 साल पहले ''इंडिया अगेंस्ट करप्शन'' इस सामाजिक संघठन ने भारत में फैले भ्रष्टाचार और काले धन को लाने की मांग को लेकर एक बड़ा जन आंदोलन खड़ा किया । पिछले 2 साल से देश में सामाजिक और राजनैतिक संगठन ने राष्ट्रध्वज तिरंगा का इस्तेमाल कर के खुद को सच्चा देशभक्त साबित करने में दौड़ लगाई। मगर मैं समझ नही पा रहा हूँ। ये लोग देश में इस भारतीय समाज व्यवस्था में कौन सा कांतिकारी बदलाव और विकास करने की सोच रखते है। न ही इन लोगों में भारतीय संविधान के प्रति प्रेम दिखाई देता है। न इस देश की समाजिक व्यवस्था मे फैले हुए विभक्तावादी समाजव्यवस्था को खत्म करने की बाद दिखाई देती है । लोकतंत्र के उपर पूंजीवाद हावी हो चुका है। पूंजीवाद को नियंत्रित करने की बात ये लोग करते हैं। हमने देखा इन लोगो को खोखले वादे और आकाश मे नंगे नारे, इस देश का मीडिया जो जातिवाद और पूंजीवाद का शिकार हो चुका है। ये मीडिया भी इन लोगों को देशभक्त साबित करने में पूंजीवाद का सहारा लेकर लगा है । ना तो इस मिडिया को प्रतिनिधियों मे ना देशभक्ति दिखाई देती है ना तो मिडिया की विचारधारा न ही उसका इमान।

देशभक्ति एक तो सरहद पर बाहरी दुश्मनों से लड़ने वाले सिपाहियों मे हमे दिखाई देती है। जिनमे पूरे समर्पण और बलिदानों के साथ ये सिपाही बाहरी दुश्मनों से देश की रक्षा करते हैं और दूसरे अंतरिम समस्या, दुश्मनों से और एक सार्वभौम लोकतंत्र राष्ट्र बनाने के लिए जो प्रयास करते है। वो कार्यकर्ता देशभक्त होते हैं । हमने दुनिया के इतिहास में अमेरिका के अपने लोकतंत्र में आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक लोकतंत्र तथा एक सशक्त राष्ट्र स्थापित करने के लिए अपने देश की अंतरिम समस्याओं से लड़ने वाले लोग और उनका बलिदान हमे याद हैं । अब्राम्हन लिंकन और जॉर्ज कॅनेडिज जसै राष्ट्र अध्यक्ष अमेरिका में निग्रो (काले रंग) की गुलामी की और काले गोरे वर्णभेद के खिलाफ संघर्ष करते हुये अपना बलिदान दिया । वे लोग सच्चे राष्ट्रभक्त थे जिन्होने अमेरिका जैसे राष्ट्र को सशक्त राष्ट्र बनाने के लिये अंतरिम समस्या के खिलाफ संघर्ष किया। आज अमेरिका में सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक लोकतंत्र बहाल है ।

भारत एक गणतंत्र राष्ट्र है। बाबासाहब डॉ.अंम्बेडकर ने एक स्वतंत्र भारत का संविधान जनता के माध्यम से जनता को अर्पित किया है ।

डी. हर्षवर्धन
राष्ट्रीय अध्यक्ष, नसोसवायएफ

संविधान कहता है देश के हर एक नागरिक को अभिव्यक्ति स्वतंत्रता, धार्मिक स्वतंत्रता, अवसर को समानता प्रदान करने का

अधिकार देता हैं। उसी तरह देश को एक संघ बनाने का प्रयास भी करता हैं । ये सभी विचार देश में प्रस्थापित करने के लिए जो प्रयास करते हैं उनको हम देशभक्त कह सकते है।

'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' के आंदोलन ने जन लोक पाल का मुद्दा उठाकर आर्थिक भ्रष्टाचार को खत्म करने की मांग की मगर समाज के अंदर ऊँच-नीच और सांस्कृतिक भ्रष्टाचार के खिलाफ गूंज तक निकाली नही । पूंजीपती या के भ्रष्टाचार से लोकतंत्र खोखला होता जा रहा है । न तो उसके उपर इस आंदोलन के द्वारा कोई टिप्पणी नही हुई। विरोध तो दुसरी तरफ 2014 के चुनाव में आर.एस.एस. जैसे धर्मार्ध संघठन के राजनैतिक दल ने इसी पूंजीवादियों को अपना सहारा बनाकर देशभक्ति का बुर्का पहनाकर सत्ता हस्तगत किया है।

इस संगठनों और राजनैतिक दलों ने जाति व्यवस्था को खत्म करने की बात की न ही जातिय शोषण और दमन को रोकने की इन संगठनों ने कभी इस देश के दलित और आदिवासियों को सामाजिक न्याय मिलने की बात कही है । आज देश मे विषमतावादी शिक्षा व्यवस्था है । न ही इसको बदलने की बात की ये कैसी खोखली देशभक्ति हैं जो सिर्फ तिरंगा लेकर भारतमाता की जय करके देश भक्त होने का दिखावा कर रहे हैं । यही लोग हैं इस देश में जातिवाद को सहारा दे रहे हैं । जातिय शोषण को मजबूत कर रहे हैं। सांमन्तवाद और पूंजीवाद को बढ़ावा दे रहे है । शिक्षा का बाजारी करण कर रहें है । देश मे धर्माध्यता और धर्म का धंधा चला रहे है

तो दूसरी ओर इस देश के दलित-आदिवासियों को सामाजिक न्याय प्राप्त हो सके जाति व्यवस्था का खात्मा करके समतावादी समाज व्यवस्था प्रस्थापित हो, दलित-आदिवासी के शोषण और दमन खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं । सभी को अवसर की समानता प्राप्त करने के लिए लड़ रहे है। शिक्षा दलित-आदिवासी और गरिबों के विकास का एकमात्र माध्यम हैं उसको समान और अनिवार्य करने की जिद पकड़े हुए हैं । वो लोग जो लड़ रहे हैं देश में फैले हुए धर्मान्तरो से लोकतंत्र पर हावी हो रहे हैं पूंजीवाद से जो विरोध करते हैं । देश के संविधान का सम्मान करते है और खुद को आम्बेडकर वादी कहते हैं। वही लोगों में मुझे सच्ची राष्ट्रभक्ति दिखाई देती है जो देश में एक बड़ा सामाजिक बदलाव चाहते हैं । लोकतंत्र को मजबूत रखना चाहते हैं। यही सोच बाबासाहब डॉ. अंम्बेडकर ने अपने संविधान में लिखी थी। वो इस देश में जाती विहीन समता मुलक समाज चाहते थे लोकतंत्र से बढ़ कर देश में कोई चीज बड़ी हो नही सकती इस लिए उन्होने पूंजीवाद को नियंत्रित रखने की बात की थी। बाबासाहब डॉ. अंम्बेडकर ने धर्म निरपेक्षता की बात की थी सबको शिक्षा और समान अवसर की बात रखी थी ।

आज उनके विचारों को मानने वाले मिशन के सिपाही ही एक नए और संम्पूर्ण राष्ट्र का निर्माण कर सकते है। हम उनको एक सच्चे राष्ट्र भक्त कह सकते है जो सच्चे अंम्बेडकरवादी है। ये सच्चाई है इसमे कड़वे पन है मगर खोखला पन नही । इमानदारी है मगर बेइमानी नही वही देशभक्ति है।

***

बजट में कटौती

जब दलितों व आदिवासियों का उत्थान तमाम सरकारी योजनाओं के माध्यम से नहीं हो पा रहा था तब 1974 में ट्राइबल स्पेशल प्लान और 1989 में शिड्यूल्ड कास्ट स्पेशल प्लान लाया गया ताकि जो अलग से इनके विकास के लिए राशि रखी जाए, अन्यत्र खर्च न की जा सके। इसमें योजनागत बजट का आबादी के अनुपात में पैसे को अलग रखकर उत्थान करना था। उस समय योजनागत् बजट की राशि ज्यादा होती थी और वह धीरे-धीरे कम होती गयी। शुरु में ही इतना भेदभाव किया गया कि नाम-मात्र की धनराशि अलग की गयी। धीरे-धीरे धनराशि बढ़ी तो जरूर लेकिन कभी भी जितना मिलना चाहिए, उससे आधी ही रही। यह आधा भी ईमानदारी से खर्च नहीं हुआ। इससे समझना कोई मुश्किल नहीं है कि दलितों व आदिवासियों के प्रति जितना अन्याय होता है, उतना शायद किसी और के साथ नहीं। हक मांगने और चिल्लाने से भी नहीं मिल रहा है और ऐसे हालात में बड़ा जन आंदोलन ही करना पड़ेगा। अनुसूचित जाति/जन जाति परिसंघ की मान्यता है कि किसी और पर भरोसा न करते हुए स्वयं एक बड़ा आंदोलन खड़ा करना पड़ेगा। इस योजना को कार्यान्वित करने के लिए इस वर्ष दस लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। राजनैतिक प्रतिनिधि संख्या में थोड़े होने के बावजूद पार्टियों के बिना इजाजत के मुंह नहीं खोल सकते हैं, अतः परिसंघ के बैनर तले ही अधिकार और सम्मान मिल सकेगें। सारिणी में दर्शाया गया है कि कितना बजट में कटौती होती रही है।

इस वर्ष योजनागत् बजट 4,65,277 करोड़ है और अनुसूचित जाति के लिए 30,850 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जबकि 77,235 करोड़ होना चाहिए था। अतः 46,385 करोड़ का हक छीन लिया गया है। इसी तरह से जनजाति का 20,034 करोड़ की कटौती की गयी है। जन जाति को 19,979 करोड़ मिले जबकि 40,013 करोड़ मिलना चाहिए था। पूर्व में भी ऐसा ही होता रहा है। क्या ऐसी समस्याओं का समाधान छोटे-मोटे प्रयास से हो सकता है? पूरी तरह से असंभव है कि जब तक बड़ा आंदोलन न खड़ा किया जाए।

*****

Denied allocation under Union Budget 2013-14- SCSP and TSP

	2013-14		2014-15		2015-16	
	SCP	TSP	SCP	TSP	SCP	TSP
Total Plan Budget	4,19,068.00	4,19,068.00	5,75,000.00	5,75,000	4,65,277.04	4,65,277.04
Allocation to SC/ST outlay	41561.13	24,598.39	50,548.16	32,386.84	30,850.88	19,979.77
Due as per proportion of the SCs @16.6 and STs@8.6%	67,889.02	34,363.58	93,150.00	47,150.00	77,235.99	40,013.83
Denied allocation	26,327.89	9,765.19	42,601.84	14,763.16	46,385.11	20,034.06

Source :Union Budget 2013-1413,Expenditure Vol.I and II



डॉ. उदित राज का संत्रानगरी मे खरी खरी

नागपूर दि.07 मार्च 2015

अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के सांसद डॉ. उदित राज का संत्रा नगरी नागपुर में नगरागमन दिनांक 7 मार्च शाम के 9 बजे जेट एअरवेज से हुआ। उनके स्वागत के लिए बाबासाहेब अंम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सेकडो कार्यकर्ताओं गुलदस्ते व फुलो के हार लिए तकरीबन एक घंटा पहले से ही उपस्थित थे। परिसंघ के महाराष्ट्र राज्य ईकाई के उपाध्यक्ष श्री विकासदादा तुमडाम ने यह जानकारी देते हुए कहा है की, डॉ. उदित राज शनिवार रात ठिक 9 बजकर 30द मिनिट पर नागपूर हवाई अड्डे पर अवतरित हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के बावजूद स्वंय अपवनी एकमात्र ब्रीफकेस हाथों में उठाए वे जैसे ही हवाई अड्से बाहर आए जयघोष के नारों से व डॉ.उदित राज जिंदाबाद, उदित राज आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ है के नारो से आसमान गूंज उठा। नागपुर शहर अध्यक्ष श्री प्रभुलाल परतेकी, श्री दीपक तभाने, श्री प्रदिप मेंढे, श्री कवडूजी धुर्वे, नागपूर शहर सचिव श्री सिध्दार्थ उके, श्री बबली मेश्राम, आदि कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ते व फुलों के हार से डॉ. उदित राज का स्वागत किया तो परिसंघ के महाराष्ट्र राज्य ईकाई के उपाध्यक्ष श्री विकासदादा तुमडाम ने संपूर्ण नागपूर नगरी के आदिवासी समाज की और से गुलदस्ता देकर डॉ. उदित राज का स्वागत किया।

इसके उपरांत डॉ. उदित राज कार्यकर्तोओ के अनुरोध पर एवं केंद्रीय परिवहन मंत्री श्री नितीनजी गडकरी के नागपुर में होने के कारण सीधे महल स्थित गडकरी वाडे की और प्रस्थान कर गए। उनके साथ लंबी कतार में कार्यकर्ताओं के वाहन होने के कारण डॉ. उदित राज का पूरा काफिला नागपुर नगरी व्यस्त सडको से निकलते हुए गडकरी निवास पहुचे श्री गडकरी जी ने गुलदस्ता देकर डॉ. उदित राज जी का स्वागत किया व दोनो नेता आगे की चर्चा के लिए निवास पर एन्यी चेंबर की और निकल पडे।

तकरिबन 1 घंटे की गहन चर्चा के तुरंत बाद रात के भोजन के लिए डॉ. उदित राज जी होटल प्राईट के पास स्थित सुश्री. अर्चना भोयर के निवास स्थान की और प्रस्थान कर गये। वहॉ डॉ. उदित राज के स्वागत के लिए रात 11 बजे भी बहुसंख्या में सीनियर महिला कार्यकर्ता मौजूद थी। इतनी संख्या मे रात 11 बजे महिला कार्यकर्ताओं को इंतजार करते हुए पाने के बाद डॉ. उदित राज जी ने उनका आभार व्यक्त किया तथा उनका स्वागत स्विकार कर दूसरे दिन रविभवन के सभागृह में आयोजित विदर्भस्तरीय पदाधिकारीयों की कार्यशाला में शामिल होने की गुजारिश की।

दूसरे दिन रविवार दिनांक 8 मार्च को सुबह 9 बजे डॉ. उदित राज नागपुर नगरी के पूर्व उपमहापौर श्री संदीप जाधव के निमंत्रण पर उनके घर गये। वहॉ बहुसंख्या में उपस्थित कार्यकर्तोओं के साथ चाय पर उन्हे मार्गदर्शन कर 11 बजे रवीभवन के कॉटिज पर अयोजित प्रेस कॉन्फ्रेरस कों संबोधित करने निकल पडे । नागपुर के लगभग सभी ईलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मिडीया के प्रतिनिधी डॉ. उदित राज जी का इंतजार कर रहे थे। बगैर समय गवाये मिडीया को संबोधित करते हुए कहा की आज दलित समाज की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई हैं अगर ऐसे हि बनी रही तौ वह दिन दूर नही जो बाबासाहब के पूर्व थी और इस स्थिती के लिए बहुतांश दलित नेता ही जिम्मेदार है।

नागपुर सम्मलेन में मंच पर बैठे हुए माननीय डॉ.उदित राज व परिसंघ के अन्य वरिष्ठ नेतागन

दोपहर 12 बजकर 30 मिनिट पर रविभवन के सभागृह में आयोजित विदर्भस्तीय पदाधिकारी की कार्यशाला में सभी 11 जिलो के पदाधिकरी बहुसंख्या में उपस्थित थे । दोपहर 12 बजर 30 मिनिट पर आयोजित कार्यशाला शाम 4 बजे तक चली । परिसंघ की मजबूती के लिए आयोजित इस कार्यशाला में सथी पदाधिकारीयों को पद के अनुरुप जिम्मेदारियॉ सौपी गई व कुछ नई नियुक्तीयॉ भी डॉ.उदित राज जी ने की जिसमें नागपुर जिले के पुर्व अध्यक्ष श्री प्रभुलाल परतेकी को पदोन्नती देकर विदर्भ कार्यकारणी में जिम्मेदारी दी गई तो श्री. दीपक तभाने को नागपुर जिले के अध्यक्ष पदभार सौपा गया। नये सदस्य श्री सुनिल जेकब को विदर्भ कार्यकारणी में स्थान दिया गया । पूर्व अपर पुलिस अधिक्षक श्री इंगले व उनकी डॉ.बेटी तथा सुश्री. अर्चना भोयर, नंदा पाटील ममता गेडाम एवं अन्य नये सदस्यों को परिसंघ में शामिल कर जिम्मेदारी देने की सिफारीश राज्य के अध्यक्ष श्री सिध्दार्थ भोजने से की गई। उसके उपरांत डॉ. उदित राज राज्य के प्रमुख पदाधिकरीयों से राज्य में संगठन की स्थिती और मजबूती की जानकारी ली व परिसंघ के विस्तार हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं सूचनाएं दी ।

इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. उदित राज ने अनेक अनछुए पहलुओं को हाथ लगाते हुए काहा कि, आज देश घर वापसी को लेकर इतना हो हल्ला मचाया जा रहा है। किसकी घर वापसी की जा रही हैं। उन आदिवासीयों की या पिछडे दलित मुलसमानों की जो कभी आपके घर सदस्य थे ही नही और जो थे उन्हो अस्पृश्य कह कर समाज से बाहर रखा जा रहा था ऐसे में घर वापसी के पहले घर दुरुस्ती होनी चाहिए। उसी तरह अनुसूचित जाति/जनजाति को दी जा रही राशी में कटौती का मुद्दा भी उन्होने उठाया ।

महाराष्ट्र राज्य की सरकारी नौकरीयों में व उच्च शिक्षा में अनुसूचित जाति/ जनजाति के आरक्षण में हो रही बोगस आदिवासीयों के घूसखोरी रोकने के लिए ठोस कदम उठाने पर गंभीरता से इस सभा में विचार किया गया। परिसंघ महाराष्ट्र के उपाध्यक्ष श्री विकासदादा तुमडाम ने कहा है की बोगस आदिवासीयों को रोकना हम सभी का कर्तव्य है ताकी सच्चे आदिवासीयों को उनका अधिकार मिल सके।

इस कार्यशाला की सफलता के लिए राज्य इकाई के उपाध्यक्ष श्री सिध्दार्थ भोजने के मार्गदर्शन में परिसंघ के सर्वश्री सुनील मेश्राम विदर्भ अध्यक्ष, प्रभूलाल परतेकी नागपुर अध्यक्ष, दीपक तभाने, प्रदीप मेंढे ॲड. झांबरे, ॲड. मेश्राम, कवडुजी धुर्वे, विलास मनोहर, गोर्वधन गेडाम, जयराज परतेकी, विलास कुळमेथे, विद्या मस्के नंदा पाटील आदि अनेक पदाधिकारीओं जीतोड महेनत की हैं। ****

भारतीय महिलाओं के मुक्तिदाता बाबासाहब डॉ. अम्बेडकर

